बरेली, शुक्रवार
9 फरवरी, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

दैनिक जागरण

PAGE NO.2 : MIDDLE

मेडिकल छात्रा की मौत के मामले में सीबीआइ ने खंगाला रिकार्ड

- थाने में पूर्व में हुई पूरी कार्रवाई का लिया ब्योरा, पहुंची मेडिकल कालेज
- छह सितंबर 2017 को छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी मृत्यु

जागरण संवाददाता, बरेली : मेडिकल कालेज में छह सितंबर 2017 को छात्रा अनन्या दीक्षित की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु मामले में जांच के लिए सीबीआइ की तीन सदस्यीय टीम गुरुवार को पहुंची। भोजीपुरा थाने में टीम ने संबंधित प्रकरण में पूर्व में हुई पूरी कार्रवाई का रिकार्ड देखा। इसके बाद मेडिकल कालेज पहुंची, वहां भी लोगों से पूछताछ की। टीम प्रकरण के दौरान थाने में तैनात हेड मोहर्रिर, विवेचक व अन्य के बयान दर्ज करेगी। विसरा रिपोर्ट पर भी काम कर रही है।

नोएडा के सेक्टर 62 स्थित गेल अपार्टमेंट निवासी अनादि दीक्षित ने सितंबर 2017 को भोजीपुरा थाने में प्राथमिकी लिखाई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि अनन्या दीक्षित भोजीपुरा के मेडिकल कालेज में प्रथम वर्ष की छात्रा थीं। 27 अगस्त 2017 को संस्थान में उसका दाखिला कराया। तीन सितंबर को स्वस्थ हालत में कालेज छोड़ा। छह सितंबर को बताया गया कि अनन्या ने खुदकुशी कर ली है। लिहाजा, प्राथमिकी में उन्होंने कालेज प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए नामजद कराया। जांच में भोजीपुरा थाना पुलिस ने खुदकुशी के लिए उकसाने की धारा में चार्जशीट लगा दी। मामला सीबीसीआइडी स्थानांतरित हो गया। टीम ने जांच के बाद मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी, जिसके विरुद्ध पीड़ित सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नई दिल्ली स्थित सीबीआइ मुख्यालय की स्पेशल क्राइम-1 शाखा ने 22 अप्रैल 2023 को मामले में प्राथमिकी लिखी। एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि जांच के संबंध में सीबीआइ की टीम आई थी। टीम ने पूर्व में हुई कार्रवाई व अन्य बिंदुओं पर जांच की है।